सं.ए. 20011/30 (क)/2021-हिंदी/Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खण्ड सं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date: 17 जून, 2022

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: निदेशालय मुख्यालय में दिनांक 29 जून, 2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन ।

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि निदेशालय (मुख्यालय) में दिनांक 29 जून, 2022 को 1500 बजे से 1730 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह **'ई'** कार्यशाला भारत सरकार के मंत्रालय/विभाग/कार्यालय में राजभाषा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारी द्वारा संचालित की जाएगी। हिंदी कार्यशाला का विषय है :- **"कार्यालय में राजभाषा नीतियों का कार्यान्वयन, चुनौतियॉ एवं उनका समाधान"।**

2. निदेशालय के सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करें। कार्यशाला में निदेशालय (मुख्यालय) के कार्मिकों के साथ ही सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों से अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

3. निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारियों और अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षकों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने अनुभाग/केन्द्र से इस कार्यशाला में भाग लेने हेतु कार्मिकों को नामित करें और उनका नाम, पदनाम एवं Whatsapp नंबर के साथ हिंदी अनुभाग में **दिनांक 28 जून, 2022** तक अवश्य भेज दें।

4. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

17.6.2022
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि.

1. निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारी ।
2. संयुक्त सहायक निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली ।
3. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
4. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/स्टेशन अधीक्षक- विभाग के सरकारी वेबसाइट के माध्यम से।

2/-

5. सहायक निदेशक (सूचना और प्रोद्योगिकी) - कृपया परिपत्र को विभाग के वेबसाइट के सर्कुलर भाग में अपलोड कर दिया जाए तथा साथ ही 29 जून, 2022 को नियत समय पर **'ई'** हिंदी कार्यशाला विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजन करने हेतु लिंक बनाने एवं भेजने और यथा आवश्यक समन्वय करने हेतु।
6. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड।

<u>प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ निम्नलिखित को प्रेषित:-</u>

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ ।
2. सभी संयुक्त निदेशक : सादर सूचनार्थ।